एक नजर में

नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर आज

गुना। स्व. अशोक अरोरा के जन्मदिवस के अवसर पर लायंस नेत्र चिकित्सालय में 30 जुलाई को निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें मरीजों के निषुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाएंगे। जिसमें मरीजों को चाय, नास्ता, खाना, ठहरना, मोतियाबिंद की जांच एवं ऑपरेशन, दवाई चश्में, लैंस फ्री रहेगा।

हाट रोड से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हाट रोड स्थित उमरी कॉम्प्लेक्स के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फरियादी विनोद मीणा (35) निवासी हाट रोड, उमरी कॉम्प्लेक्स (किसान बीज भंडार के पास) ने थाने पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गत रात करीब 9:30 बजे उन्होंने अपनी होंडा शाइन एसपी मोटरसाइकिल एमपी 08-0267 घर के बाहर गली में खड़ी की थी और सोने चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे जब वे उठे, तो बाइक गायब थी।

संयुक्त कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

गुना। संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। औचक निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर डॉ. खेमरिया ने खाद्य विभाग, कोषालय, आदिम जाति कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग, खनिज विभाग तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया।

पुलिस का यह कैसा न्याय? 7 महीने बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

गुना। जिले की मकसूदनगढ़ थाना पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कानून व्यवस्था का ढिंढोरा पीटने वाली पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाने में कितनी तत्पर है, इसका ताजा उदाहरण ग्राम दिरौली में देखने को मिला है। यहां 7 महीने पहले हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने अब जाकर एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित फरियादी सात महीने तक थाने के चक्कर काट-काटकर अपने जूते घिसता रहा और पुलिस मामला टालती रही।

आखिरकार जब पानी सिर से ऊपर गुजर गया, तब जाकर खाकी की नींद टूटी और केस दर्ज किया गया। पूरा मामला ग्राम दिरौली का है, जहां 27 दिसंबर 2025 की सुबह फरियादी टीकाराम शर्मा (48) पूजा-अर्चना के लिए महुआपुरा गए थे और दोपहर में उनकी पत्नी भी काम से बाहर गई थीं। शाम को जब वे घर लौटे तो पीछे का दरवाजा टूटा मिला और अलमारी में रखे सोने के दो मंगलसूत्र व चांदी के जेवरात गायब थे। पीड़ित उसी समय मदद की आस लेकर थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाने के बजाय फरियादी को ही टरकाना शुरू कर दिया। पीड़ित कई महीनों तक पुलिस की चौखट पर न्याय की गुहार लगाता रहा, लेकिन हर बार उसे खाली हाथ लौटा दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि इतने महीनों बाद पुलिस क्या जांच करेगी और चोरों का क्या सुराग लगाएगी? मकसूदनगढ़ पुलिस की इस लेट-लतीफी ने पुलिस महकमे की साख पर बड़ा बट्टा लगा दिया है।

इनका कहना है

देरी तो हुई है चूंकि मेरे संज्ञान में आते ही मामला दर्ज किया गया है।

गोपाल चौबे, थाना प्रभारी मधुसूदनगढ़

तीन सप्ताह के सूखे के बाद झमाझम, सड़कें तरबतर

धूप निकलने से बढ़ी उमस, अब भी आधे कोटे से दूर मानसून

नवभारत न्यूज

गुना 29 जुलाई का। जिले में लगभग तीन सप्ताह के लंबे इंतजार और सूखे के खींच (खींचतान) के बाद आखिरकार बुधवार को मानसून ने राहत की बूंदे बरसाईं। दोपहर में अचानक मौसम का मिजाज बदला और शहर में करीब आधे घंटे तक तेज और मूसलाधार बारिश का दौर चला। इस दौरान करीब 10 मिमी बारिश हुई, जिसके चलते शहर की प्रमुख सडक़ें जलमग्न हो गईं और कई इलाकों में नालियां ओवरफ्लो होकर सडक़ों पर पानी बहने लगा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के हाट रोड पर तो पानी की गंदा काली पानी ओवर फ्लो होकर सडक़ पर बह निकाला।

हालांकि, यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। महज आधे घंटे की झमाझम बारिश के बाद बादल छंट गए और आसमान साफ होकर तीखी धूप निकल आई। बारिश के तुरंत बाद धूप खिलने से मौसम में तेज उमस और चिपचिपाहट बढ़ गई, जिससे लोगों को फिर से बेहाल होना पड़ा। इससे पूर्व मंगलवार की शाम को भी शहर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की

गई थी। जुलाई का महीना खत्म होने को है, लेकिन गुना जिले में बारिश का आंकड़ा चिंताजनक बना हुआ है। अब तक मानसून के दौरान बारिश का आधा कोटा भी पूरा नहीं हो पाया है। खेतों में खड़ी फसलें पानी के अभाव में सूखने की कगार पर थीं, ऐसे में इस आधे घंटे की बारिश ने किसानों को थोड़ी उम्मीद जरूर दी है। फिर भी, अच्छी पैदावार और जल स्रोतों को भरने के लिए जिले को अभी भी एक जोरदार और निरंतर बारिश के दौर का इंतजार है।

इधर जिले के म्याना के सदर बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में ग्रामीणों और किसानों ने अच्छी बारिश की कामना से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद मंदिर के गर्भगृह को पानी से भर दिया गया। श्रद्धालुओं ने समय पर अच्छी बारिश की प्रार्थना की। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी जब बारिश नहीं हुई थी, तब इसी मंदिर के गर्भगृह में जल भरकर पूजा की गई थी। उनकी मान्यता है कि इससे भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और अच्छी बारिश होती है। वहींम्याना के मां मढ़ी माता मंदिर में पिछले तीन दिनों से अखंड रामधुन का आयोजन चल रहा है। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। सभी क्षेत्र में अच्छी बारिश, खुशहाली और खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार की प्रार्थना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं और अब सभी की उम्मीद अच्छी वर्षा पर टिकी है।

अब तक 405 मिमी औसत वर्षा

जिले में 1 जून से अब तक 405.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 38.5 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 943.9 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिमी है। 01 जून से 29 जुलाई प्रात: 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 180.6 मिमी, बमौरी में 233.2, आरोन में 248, राघौगड़ में 312, चांचौड़ा में 521, कुम्भराज में 655 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 693.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 11.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 10.5 मिमी., बमोरी में 31 मिमी., आरोन में 0.0 मिमी., राघौगढ़ में 0.0 मिमी., चांचौड़ा में 12 मिमी., कुंभराज में 1 रहा।

अच्छी बारिश और सामाजिक एकता के लिए सेन समाज ने टेकरी सरकार पर चढ़ाया झंडा

गुना। सेन समाज संयुक्त कल्याण संगठन मध्य प्रदेश द्वारा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री हनुमान टेकरी धाम पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं ने प्रदेश सहित संपूर्ण गुना जिले में अच्छी बारिश, खुशहाली और सामाजिक एकता व भाईचारे की कामना को लेकर टेकरी सरकार को झंडा चढ़ाया और भोग लगाकर प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन के दौरान सेन समाज संयुक्त कल्याण संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व मकसूदनगढ़ सीएमओ लीलाधर सेन, प्रदेश युवा अध्यक्ष जगदीश सेन परदेशी, कार्यकारी अध्यक्ष नीलेश वर्मा, प्रदेश सलाहकार दीपक सरपंच, जिलाध्यक्ष अनिल झंडा एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश सेन सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। सभी ने भगवान हनुमान जी के दर्शन कर क्षेत्र की समृद्धि और जन-कल्याण की मंगल कामना की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

गुना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा अपनी वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए बुधवार को शहर एवं आसपास के अंचल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अपार उत्साह और निष्ठा के साथ मनाया गया। संघ की रचना के अनुसार प्रात:काल शहर की विभिन्न बस्तियों में कुल 22 स्थानों पर एक साथ गुरु पूजन एवं ध्वज वंदन के गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में सहभागिता की।



आयोजन की शुरुआत भगवा ध्वज के रोपण, पूजन और संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुई। तत्पश्चात सभी स्थानों पर सुबह ठीक 8:30 बजे एक साथ ध्वज प्रणाम, गणगीत, अमृत वचन और प्रार्थना की गतिविधियां संपन्न हुईं। स्वयंसेवकों ने परंपरा के अनुसार भगवा ध्वज को गुरु मानते हुए उनके समक्ष अपना पुष्प अर्पण और गुरु दक्षिणा के रूप में समर्पण अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को बौद्धिक मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ में किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि परम पवित्र भगवा ध्वज को ही सर्वोच्च गुरु का स्थान दिया गया है। उन्होंने संघ की कार्यपद्धति, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

शहर के विभिन्न अंचलों में बस्तीवार आयोजित इन कार्यक्रमों के तहत श्रीकृष्ण बस्ती (शिशु मंदिर फ्रेंड्स कॉलोनी कैंट), गोपाल बस्ती (संधु लैंड मार्ग नानाखेड़ी), विवेकानंद बस्ती (श्रीराम मैरिज गार्डन), हनुमान बस्ती (नेहा पब्लिक स्कूल बांसखेड़ी), शिवाजी बस्ती (साहू धर्मशाला) सहित अन्य हैं।

सिद्धचक्र महामंडल विधान का विश्व शांति महायज्ञ के साथ भव्य समापन

सुभाष कॉलोनी जिनालय में उमड़ा अपार जनसैलाब

गुना। शहर की सुभाष कॉलोनी स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में अष्टान्हिका पर्व के पावन अवसर पर आयोजित 416वां श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान बुधवार को विश्व शांति महायज्ञ एवं भव्य शांतिविधान के साथ संपन्न हुआ। निर्यापक मुनिपुंगव सुधासागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से बीते 21 जुलाई से निरंतर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को प्रात: सबसे पहले भगवान श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया गया। इसके उपरांत श्री शांतिनाथ

महामंडल विधान की मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ हुईं। विधान के दौरान सभी इंद्र-इंद्राणियों ने पूर्ण भक्ति भाव के साथ अर्घ्य समर्पित किए और सुमधुर भजनों व स्तुतियों पर नृत्य करते हुए अपनी अगाध भक्ति प्रकट की।

विधान की पूर्णाहुति के पश्चात विश्व कल्याण और प्राणिमात्र में शांति की भावना के साथ भव्य हवन और विश्व शांति महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें इंद्र-इंद्राणियों सहित उपस्थित आमजनों ने भी हवन कुंड में आहुतियां प्रदान कीं। इसके पूर्व प्रात: सौधर्म इंद्र अखिलेश पल्लवी जैन, श्रीपाल मैना सुंदरी सुशीला, रिया तरुण जैन, ओम, आदि आन्या जैन परिवार, कुबेर चंचल, अमित जैन, रचित जैन परिवार, महायज्ञ नायक संजय अनीता जैन, आशु जैन, श्रुति जैन, शुभम जैन, दृषि जैन परिवार बना। जबकि धनकुमार, विजय कुमार, तरूण बजाज, अरम बजाज परिवार तथा किरण जैन प्रकाशचंद जैन, पंकज आर्यन परिवार रहे।

मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में आठ दिनों तक चले इस सिद्धचक्र महामंडल विधान से संपूर्ण सुभाष कॉलोनी क्षेत्र भक्तिमय भजनों और मंत्रोच्चार की गूंज से धर्ममय बना रहा। जिनालय प्रबंध समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी धर्मप्रेमी बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

गुरु पूर्णिमा पर नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने किया गुरु पूजन

गुना। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ने आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुँच कर दर्शन किए और सिया राम दास महाराज का शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद ओम गुरुजी के शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शुभ दिन पर उन्होंने सभी को गुरुजनों का सम्मान और आशीर्वाद लेने का संदेश भी दिया। गुरु पूर्णिमा के दिन यह आयोजन और भी अधिक धार्मिक और सामाजिक महत्व रखता है। इस मौके पर गोपाल साहू, शिब्बू कुशवाह, राजू ओझा, राजू जाटव एवं अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

एसडीएम आरोन द्वारा ग्राम वृन्दावन की शासकीय संस्थाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

गुना। एसडीएम आरोन मंजुषा खत्री द्वारा ग्राम वृन्दावन के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासकीय माध्यमिक स्कूल निरीक्षण के दौरान उपस्थित विधार्थियों से संवाद कर पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली गई। उन्होंने स्कूल में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त कर कार्यवाही किये जाने एवं स्कूल प्रभारी एवं शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने एवं अधिक से अधिक समावेशी शिक्षा व्यवस्था देने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। एसडीएम ने उपस्वास्थ्य केंद्र वृन्दावन का निरीक्षण कर आंगनवाड़ी एवं स्कूल के बच्चों की साप्ताहिक स्वास्थ्य परीक्षण, शारीरिक साफ सफाई एवं स्वच्छता की देखरेख किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। संबंधित डॉक्टर को ग्राम में बीमारी संक्रमण से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किये जाने एवं समुचित उपचार की व्यवस्था

बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परिसर में ही स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को केंद्र पर गतिविधियों हेतु पर्याप्त पढ़ाई एवं खेलकूद की सामग्री लाने एवं बच्चों की उपस्थिति, पोषक आहार की गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ-साथ बच्चों की उपस्थिति पंजी व्यवस्थित किये जाने हेतु सख्त हिदायत दी गई।

एवरेस्ट एकेडमी में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया

नवभारत न्यूज

गुना। एवरेस्ट एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान करते हुए उन्हें छोटे-छोटे गमलों में पौधे भेंट किए गए। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली इस सराहनीय पहल की सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर बी.एस.रंधावा एवं गोल्डन टेम्पल स्कूल की डायरेक्टर आर.के. रंधावा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों का सम्मान करने तथा उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक मंच संचालन विमलेश मैडम द्वारा किया गया। विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल श्रीमती तृप्ति सोनी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अवसर पर आर.के. सोनी, अमित, पवन, दीप नामदेव अजीम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गुरुजनों के सम्मान, पौधों के वितरण एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का भाव देखने को मिला।

आस्था पंचमुखी हनुमान मंदिर से बजरंगगढ़ की आचार्य कुटी सहित अन्य मंदिरों में भंडारे और पूजन आयोजित

गुरु भक्ति के रंग में रंगा गुना, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

गुना। जिला मुख्यालय सहित पूरे अंचल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अपार श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। गुरु-शिष्य की पावन परंपरा को नमन करने के लिए सुबह से ही शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों, आश्रमों तथा संतों के धामों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शिष्यों ने अपने-अपने गुरुदेव के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और मंगल की कामना की।

शहर के कैंट स्थित प्रसिद्ध श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आयोजित हुई। यहां भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद गुरुदेव की चरण पादुकाओं का पूजन किया और

संतों को वस्त्र व श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। तत्पश्चात विशाल हवन-यज्ञ संपन्न हुआ और दोपहर से भव्य महाप्रसाद (भंडारे) का शुभारंभ किया गया, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। उधर बजरंगगढ़ स्थित आचार्य कुटी गौशाला में स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज के शिष्यों और गौशाला समिति ने एकत्रित होकर महाराज जी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर गुरु वंदना की। इस दौरान विद्वानों ने गुरु महिमा पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पंडित लखन शास्त्री और प्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे। इसी क्रम में बजरंगगढ़ के औद्यानिकी मंदिर पर जारी अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति हवन-पूजन के साथ हुई, जिसके बाद महाआरती और भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ उठाया।

ओमकार महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित

इस अवसर पर शहर के ओमकार महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात भारतीय शिक्षण मण्डल की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मधुबाला सक्सेना ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुडऩे का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. सतीश चतुर्वेदी ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को रामायण, महाभारत और श्रीमद्भगवद्गीता जैसे ग्रंथों से संस्कार व नैतिकता सीखने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता सिविल सेवा कोच रजनीश जैन ने एआई के दौर में सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि गूगल केवल जानकारी दे सकता है, लेकिन वास्तविक ज्ञान सिर्फ गुरु ही प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि गांधी वोकेशनल महाविद्यालय के संचालक अवधेश श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय की संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, चरित्र निर्माण और गुरुजनों के प्रति सम्मान बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व स्मृति-चिह्न भेंट कर किया गया। इस अवसर पर संचालक आनंद मंगल, प्रशासनिक अधिकारी कुनाल देशमुख, मनीष श्रीवास्तव, नर्सिंग प्राचार्य निर्मल नगर, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ललित सेन और आभार प्रदर्शन डॉ. शिव चरण करोट द्वारा किया गया।

चोरों का आतंक : चांचौड़ा में वेयरहाउस से धनिया और सोयाबीन की बोरियां पार

गुना। जिले में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वेयरहाउस से धनिया और सोयाबीन के दर्जनों कट्टे चोरी होने का बड़ा मामला सामने आया है। वहीं, जामनेर क्षेत्र में एक खाली प्लॉट में खड़े ट्रैक्टर-ट्राली को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला बीनागंज के ए.बी. रोड स्थित आर.के. वेयरहाउस का है। फरियादी मनीष अग्रवाल (48) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आर्या कंपनी के मैनेजर राहुल शिवहरे ने फोन पर वेयरहाउस का ताला टूटने और माल चोरी होने की सूचना दी। फरियादी ने जब अपने कर्मचारी भारत सेन से जांच कराई, तो चोरी का खुलासा हुआ। बाहर होने के कारण फरियादी जब वापस लौटे और वेयरहाउस का मिलान किया, तो उसमें से सोयाबीन के 58 कट्टे (23 बोरी) और धनिया के 81 कट्टे गायब मिले।

चांचौड़ा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना जामनेर क्षेत्र के ग्राम ढाढोंन्या पठार में घटी। फरियादी भूपेंद्र सिंह राजपूत (32) ने बताया कि उन्होंने अपना मैसी ट्रैक्टर एमपी 08-2210 और हरे रंग की ट्राली रोज की तरह कैलाश मीणा के प्लॉट में खड़ा किया था।